भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **2065**

दिनांक 4 जुलाई , 2019 / 13 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

क्षेत्रीय एअर कार्गो हब विकास कार्यक्रम

2065. श्री मोहम्मद फैजल पी. पी.:

श्री बैन्नी बेहनन:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा क्षेत्रीय एअर कार्गो हब विकास कार्यक्रम शुरू करने के लिए तैयार की गई योजना और की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या केरल सहित किसी राज्य से इसके लिए एक विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): नागर विमानन मंत्रालय द्वारा 15-16 जनवरी 2019 को मुंबई में आयोजित वैश्विक विमानन सम्मेलन में राष्ट्रीय विमानन कार्गो नीति रूपरेखा 2016 एवं मिशन स्टेटमेंट ऑन इंडिया : नेक्स्ट-जेन एविएशन हब जारी किया गया। जिसमें विमान कार्गो परिवहन की कुल तीन श्रेणियों के विकास एवं वृद्धि को निम्न रूप से समाहित किया है,

(i) घरेलू कार्गो : संपूर्ण भारत में माल के कुशल प्रवाह को सुनिश्चित करना और क्षेत्रीय और राज्य कार्गो हब जो क्षेत्र एवं राज्यों के लिए प्रवेशद्वार के रूप में कार्य करेगा, जिसकी संपर्कता देश भर में घरेलू व्यापार गलियारों से उत्पादन केंद्रों और लॉजिस्टिक हब तक है, के विकास हेतु सुविधाजनक उपाय करेगा।

(ii) अंतर्राष्ट्रीय कार्गो: माल के सभी देशी निर्यात एवं आयात की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, और

(iii) ट्रांजिट और ट्रांसशिपमेंट अंतर्राष्ट्रीय कार्गो: भारत को दुनिया के अन्य हिस्सों से और उसके पास पसंद के ट्रांजिट और ट्रांसशिपमेंट कार्गो हब बनाने के लिए।

(ख): अब तक, क्षेत्रीय विमान कार्गो हब विकास कार्यक्रम को प्रारंभ करने के लिए नागर विमानन मंत्रालय द्वारा केरल सहित किसी अन्य राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।